प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ की समीक्षा बैठक। कहा–वामपंथ उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में, 2026 तक समस्या से मिल जाएगी मुक्ति।
- भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–रोटी, बेटी, माटी की रक्षा हमारा संकल्प, झारखंड में लागू होगा एनआरसी ।
- पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जामताड़ा में मांझी परगना सम्मेलन में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर बोला हमला, कहा–वापस दिलाऐंगे आदिवासियों की छिनी हुई जमीन।
- झामुमो ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर दिसंबर महीने में विधानसभा चुनाव कराने का किया अनुरोध, कहा– राज्य सरकार को कार्य करने के लिए देना चाहिए पूरा वक्त।

****

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज कहा है कि सरकार के बेहतर केंद्र–राज्य समन्वय से देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म किया जा रहा है। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सली हिंसा की घटनाएं 16 हजार से घटकर लगभग 7 हजार सात सौ हो गई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले साल तक यह संख्या और कम हो जाएगी। श्री शाह ने कहा कि नागरिकों और सुरक्षा बलों की मृत्यु में 70 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद के खतरे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री शाह ने कहा कि नक्सलवाद विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है और इससे किसी का भला नहीं होने वाला। श्री शाह ने नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील की है।

****

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड से दो अक्टूबर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया है जो वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के विकास को लेकर मील का साबित होगा। उन्होंने सभी मुख्यमंत्रियों से इस अभियान की खुद निगरानी करने का आग्रह किया।

बैठक में अन्य राज्यों के साथ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाग लिया।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पार्टी का विस्तृत घोषणा पत्र जल्द जारी होगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही एनआरसी लागू किया जायेगा।

भाजपा के वरिष्ट नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जामताड़ा में मांझी परगना सम्मेलन में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हमला बोला । इस मौके पर उन्होंने झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर संथाल में आदिवासियों की छिनी जमीन को वापस दिलाने का संकल्प दोहराया।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर झारखण्ड में विधानसभा चुनाव दिसंबर महीने में कराने का अनुरोध किया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य सरकार को कार्य करने के लिए पूरा वक्त देना चाहिए।

****

लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र के बोकाखाड़ जंगल में आज पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों के पैर में गोली लग गई। हालांकि, दोनों खतरे से पूरी तरह बाहर हैं। एसपी कुमार गौरव ने

बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाकर तीन देशी बंदूक समेत अन्य सामान बरामद किया है। पूरे इलाके में घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

****

खूंटी जिले में पुलिस ने पत्थर से कूचकर हत्या मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दो अक्टूबर को अड़की थाना क्षेत्र में हुई हत्या मामले में पुलिस ने यह कार्रवाई की।

****

रामगढ़ जिले में दुर्गोत्सव को लेकर संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आज नवरात्र के पांचवें दिन शक्ति की देवी मां स्कंदमाता स्वरूप की पूजा आराधना भक्ति भाव से की जा रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

पूरे प्रदेश में डाक सप्ताह के पहले दिन विभिन्न पोस्ट ऑफिस में कई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामगढ़ पोस्ट ऑफिस में छोटे–छोटे स्कूली बच्चों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से अपनी मां को नवरात्रि का बधाई संदेश भेजा। स्कूली बच्चों को निर्यात केंद्र से पार्सल भेजने की तकनीक और डाक टिकट सहित डाक विभाग के विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

********समाप्त********